Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 28 / 07 / 2022

प्रकाशनार्थ

डीडीयूजीयू: बीटेक की प्रवेश परीक्षा आज

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चल रही स्नातक और परास्नातक की प्रवेश परीक्षाओं के अंतर्गत शुक्रवार को सुबह की पॉली में बीटेक की प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। बीटेक के कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन, इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी और मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच की कुल 240 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय में चल रही प्रवेश परीक्षाओं के अंतर्गत 700 अभ्यर्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। सुबह की पॉली में बीएससी (एमएलटी) की प्रवेश परीक्षा हुई। जिसमें 650 अभ्यर्थी शामिल हुए। दोपहर में एमए फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा का आयोजन हुआ। जहां, 50 से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के लिए सुबह की पाली में विद्यार्थियों के केंद्र पर पहुंचने का सिलसिला सुबह सात बजे तो दोपहर में 1 बजे से ही प्रारंभ हो गया था। निर्धारित परीक्षा केंद्र पर उनके एडमिट कार्ड की जांच कर उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur